स्वागत श्री राम का | By Aanchal Arora

कैसा सुन्दर गज़ब नज़ारा होगा अयोध्या धाम का
आओ मिलकर सभी करें स्वागत रघुनन्दन राम का

लहरें सरयू की गायें, गायें हैं मंगलाचार आज
कहीं मोर पपीहा कूके यूँ लगता बजते देखो साज़
चारों और गूंजे जयकारा इनके पावन नाम का
आओ मिलकर सभी करें स्वागत रघुनन्दन राम का

कोई लाओ माल फूलों के कोई सुन्दर वस्त्र सजाओ ना
कोई घी के दीप जलाओ कोई छप्पन भोग बनाओ ना
कमी न रखना किसी चीज़ की ध्यान रखो ना दाम का
आओ मिलकर सभी करें स्वागत रघुनन्दन राम का

राहों में फूल बिछाओ आई है पालकी रघुवर की
अब किरपा राम की बरसे जैसे मिलती छाया तरुवर की
दे गौरव को लेखन सेवा, दे आँचल को अपनी सेवा कर दिया उसको काम का
आओ मिलकर सभी करें स्वागत रघुनन्दन राम का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a4-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-aanchal-arora/